TSVS को मिला एक्सीलेंस इन इंटरनेशनल करिकुलम अवॉर्ड

Good News

सिटी रिपोर्टर | भोपाल

द संस्कार वैली स्कूल ने अपने अवॉर्ड्स की लिस्ट में एक और उपलब्धि शामिल की है। हाल ही में नई दिल्ली के द ग्रांड होटल में 6 अक्टूबर को आयोजित सम्मान समारोह में टीएसवीएस को 'एक्सीलेंस इन इंटरनेशनल करिकुलम' अवॉर्ड प्रदान किया गया। देश के पहले एलीट क्लब 'फ्यूचर 50 स्कूल्स शेपिंग सक्सेस' में शामिल होने वाले टीएसवीएस को यह अवॉर्ड आईआईटी दिल्ली के डायरेक्टर वी. रामगोपाल राव और प्रसिद्ध शिक्षाविद् डॉ. सुमेर सिंह ने प्रदान किया। फॉर्च्यून 500 द्वारा स्वतंत्र रूप से आयोजित सर्वे में टीएसवीएस को एक्सीलेंस अवॉर्ड मिला। गौरतलब है कि फॉर्च्यून इंडिया और पीडब्ल्यूसी ने साथ मिलकर देश में पहली बार ऐसी कॉम्प्रीहेंसिवल स्टडी रिपोर्ट तैयार की, जिसमें स्कूलों में हो रही बेस्ट प्रैक्टिसेस को शामिल किया जाएगा। इस सर्वे में 250 से ज्यादा ऐसे स्कूलों को कवर किया गया, जिन्होंने स्टूडेंट्स को लेकर स्ट्रॉन्ग विजन रखा और शिक्षा के क्षेत्र में कुछ अलग हटकर काम कर रहे हैं। केवल चुने गए 50 स्कूलों को नेशनल और इंटरनेशनल करिकुलम के लिए चेंज मेकर्स, ट्रेंड सेटर्स और इनोवेटर्स के तौर पर सम्मानित किया गया।